महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

हिंदी विश्वविद्यालय में गणतंत्र समारोह संपन्न

मजबूत गणतंत्र हमारी शक्ति है - कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र

वर्धा दि. 27 जनवरी 2015 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में 66वें गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने कहा कि मजबूत गणतंत्र ही हमारे देश की शक्ति है। इस शक्ति को देश के विकास के लिए हमें मजबूती से प्रयास करने चाहिए। विश्वविद्यालय में कुलपति मिश्र द्वारा ध्वजारोहण किया गया। मुख्य प्रशासनिक भवन के प्रागंण में आयोजित ध्वजारोहण समारोह में विश्वविद्यालय के अध्यापक, अधिकारी, कर्मी एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में सहभागी हुए।

ध्वजारोहण के पूर्व कुलपति प्रो. मिश्र ने गांधी हिल पर महात्मा गांधी की प्रतिमा को माल्यार्पण कर अभिवादन किया। ध्वजारोहण के पश्चात विश्वविद्यालय परिवार को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद देश को एक व्यवस्था के अंतर्गत चलाने के लिए संविधान की आवश्यकता थी। संविधान निर्माता डॉ. बाबासाहब आंबेडकर ने इसे कड़ी मेहनत से तैयार कर तत्कालीन राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद को सौंपा। संविधान यह हमारा मंत्र है और इसीसे हमारा देश संचालित हो रहा है। उन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए शहीद हुए शहीदों को याद करते हुए उनके प्रति अपनी आदरांजलि व्यक्त की। उन्होंने विश्वविद्यालय की प्रगति का

उल्लेख करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय हिंदी के विकास के साथ-साथ हिंदी को प्रौद्योगिकी के माध्यम से और प्रचारित एवं प्रसारित करने के लिए कार्य कर रहा है।

विश्वविद्यालय में अनेक परियोजनाएं चल रही है जो समाज के शैक्षणिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाती हैं। उन्होंने आहवान किया कि समाज से अधिक से अधिक जुड़ाव के लिए हमें ऐसी योजनाएं बनानी चाहिए जो उनके विकास के लिए कारगर साबित हो सके। इस अवसर पर कुलसचिव एवं वित्ताधिकारी संजय गवई, कुलानुशासक प्रो. सूरज पालीवाल, विद्यापीठों के अधिष्ठाता, विभागों के अध्यक्ष, केंद्रनिदेशक प्रमुखता से उपस्थित थे। ध्वजारोहण के पश्चात हबीब तनवीर सभागार में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी पर सुविख्यात निर्देशक एटिनबरो द्वारा निर्देशित फिल्म 'गांधी' प्रदर्शित की गई। इस अवसर पर छात्रों ने देशभक्ति पर गीत एवं नृत्य भी प्रस्तुत किए।